भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 902
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)

युवाओं के लिए प्रशिक्षण

902. **श्रीमती गीता कोडाः**
श्रीमती रीती पाठकः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने झारखंड और मध्य प्रदेश में मेक इन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत आईटीआई और डिप्लोमाधारक बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार की कोई योजना तैयार की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार की उक्त बेरोजगार युवाओं के माध्यम से युवाओं को कम लागत का प्रशिक्षण प्रदान करने की कोई योजना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): 'मेक इन इंडिया' योजना निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने, सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और भारत को विनिर्माण, डिजाइन और नवाचार का केंद्र बनाने की एक पहल है। 'मेक इन इंडिया' पहल, राज्य/जिला/शहर/क्षेत्र विशिष्ट पहल नहीं है, बल्कि इसे पूरे देश में लागू किया जा रहा है।

कौशल भारत मिशन के तहत, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) 2015 से लघु अवधि कौशल विकास प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के उद्देश्य से, देश भर के युवा के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) लागू कर रहा है पीएमकेवीवाई में दो प्रशिक्षण घटक अर्थात् अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षण की मान्यता (आरपीएल) शामिल हैं।

*****